
दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 140 मुरादाबाद 15 September 2022 (Thursday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## हिंदी को लेकर फैलाई जा रही अफवाह, यह तो सभी भाषाओं की मित्र है: अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि हिंदी भाषा प्रतिस्पर्धी नहीं है, बल्कि देश की अन्य सभी भाषाओं की मित्र है। अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में बोलते हुए, गृह मंत्री ने कहा कुछ लोग यह अफवाह फैला रहे हैं कि हिंदी और गुजराती, हिंदी और तमिल, हिंदी और मराठी प्रतिस्पर्धी हैं। हिन्दी देश की किसी अन्य भाषा की प्रतियोगी नहीं हो सकती। आपको यह समझना चाहिए कि हिंदी देश की सभी भाषाओं की मित्र है। शाह की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब दक्षिण भारत के राज्यों में तीखी बहस चल रही है कि केंद्र देश के गैर-हिंदी भाषी लोगों पर हिंदी थोपने की कोशिश कर रहा है। शाह ने कहा कि हिन्दी एक राजभाषा के रूप में पूरे देश को एकता के सूत्र में बांधती है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस अवसर पर लोगों को बधाई दी और कहा कि हिंदी की सादगी, सरलता, सहजता और संवेदनशीलता लोगों को आकर्षित करती है। पीएम मोदी ने एक ट्वीट में कहा, हिंदी ने दुनिया भर में भारत के लिए विशेष सम्मान लाया है। इसकी सादगी, सहजता और संवेदनशीलता हमेशा आकर्षित करती है। हिंदी दिवस पर, मैं उन सभी लोगों को हार्दिक बधाई देता हूं जिन्होंने इसे समृद्ध और सशक्त बनाने में अथक



योगदान दिया है। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार हिंदी सहित सभी स्थानीय भाषाओं के 卐समानांतर विकास卐 के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भाषाओं के सह-अस्तित्व को स्वीकार करने की आवश्यकता है। साथ ही इसके शब्दकोश का विस्तार करने के लिए अन्य भाषाओं के शब्दों को लेकर हिंदी को लचीला बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। देश की अन्य भाषाओं की मित्र है हिन्दी

अमित शाह ने कहा, मैं एक बात बहुत स्पष्ट कर देना चाहता हूं। कुछ लोग यह अफवाह फैला रहे हैं कि हिंदी और गुजराती, हिंदी और तमिल, हिंदी और मराठी प्रतिस्पर्धी हैं। हिन्दी देश की किसी अन्य भाषा की प्रतियोगी नहीं हो सकती। आपको यह समझना चाहिए कि हिंदी देश की सभी भाषाओं की मित्र है। गौरतलब है कि अमित शाह की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब विशेष रूप से दक्षिण भारत के राज्यों में तीखी बहस चल रही है कि केंद्र देश के गैर-हिंदी भाषी लोगों पर हिंदी थोपने की कोशिश कर रहा है।

### कर्नाटक में हिन्दी भाषा उत्सव का विरोध

कर्नाटक में, जनता दल (सेक्युलर) ने हिंदी भाषा के उत्सव का विरोध किया है। जद (एस) नेता एचडी कुमारस्वामी ने सवाल किया कि सरकार हिंदी दिवस पर पैसा कैसे खर्च कर रही है। उन्होंने बुधवार को बेंगलुरु में विरोध प्रदर्शन के दौरान कहा, 卐कन्नड़ का जश्न मनाने के बजाय, बोम्मई सरकार हिंदी का जश्न मना रही है।卐 कर्नाटक के पूर्व विधायक और कन्नड़ चलावली वटल पक्ष (केसीवीपी) के नेता वतल नागराज को बुधवार को बेंगलुरु पुलिस ने हिंदी दिवस मनाने वाली सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन आयोजित करने के आरोप में गिरफ्तार किया।

हिन्दी की समृद्धि के साथ क्षेत्रीय भाषाएं भी होंगी विकसित- शाह ने कहा कि देश में हिंदी तभी समृद्ध होगी जब क्षेत्रीय भाषाएं तभी समृद्ध होंगी। उन्होंने कहा, हर किसी को इसे स्वीकार करना चाहिए और समझना चाहिए। जब तक हम भाषाओं के सह-अस्तित्व को स्वीकार नहीं करेंगे, तब तक हम देश को अपनी भाषा में चलाने के सपने को साकार नहीं कर सकते।घोषित किया था।

## अखिलेश यादव के घर पर पुलिस का पहरा, विधायक बोले-सत्ता की तानाशाही



यूपी विधानसभा सत्र से पहले समाजवादी पार्टी ने महंगाई, बेरोजगारी, कानून व्यवस्था, किसानों आदि मुद्दों को लेकर आज से प्रदर्शन का ऐलान किया था। प्रदर्शन से पहले ही सपा विधायकों के घर के बाहर पुलिस का पहरा लगा दिया गया है। प्रदेश कार्यालय से लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव के आवास तक पुलिस का कड़ा पहरा लगा दिया। सपा नेताओं को घरों में कैद कर दिया गया। हिरासत में लिए गए सपाइयों ईको गार्डन भेजा गया है। इस घटनाक्रम पर सपाइयों में आक्रोश है। सपा ने कहा कि विधायकों को घर से निकलने नहीं दिया जा रहा है। पार्टी ने इसकी घोर निंदा की है। वहीं अखिलेश यादव ने ट्वीट कर योगी सरकार पर हमला बोला है। समाजवादी पार्टी ने ट्वीट कर लिखा गया कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवास और समाजवादी पार्टी के लखनऊ स्थित मुख्य कार्यालय को पुलिस ने घेर लिया है। समाजवादी पार्टी ने भाजपा सरकार की तानाशाही ,बिगड़ी कानून व्यवस्था ,बेरोजगारी ,महंगाई के खिलाफ आज धरना प्रदर्शन का आह्वान किया था ! योगी जी आप पुलिस और सत्ता के बल तथा तानाशाही करके जनहित के मुद्दे पर धरना प्रदर्शन करने वाले विधायकों को तो रोक सकते हैं लेकिन जनता को कैसे रोकेंगे। विपक्ष जनता की आवाज है, जनता की आवाज मत दबाइए।सपा ने लिखा कि सत्ता के बल पर विपक्ष का पुलिसिया दमन ? जनता की आवाज उठाने पर सत्ता द्वारा विपक्ष के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन ? जनता सब देख रही है , जनता भाजपा को जवाब देगी ! सुनिए योगीजी ! जनता जब जवाब देती है तो कुर्सी छीन लेती है , जनता के अधिकारों का हनन मत कीजिए ,जनता की आवाज सुनिए।

## BJP में शामिल हुए पूर्व सीएम समेत गोवा कांग्रेस के 8 विधायक, CM सावंत बोले- अब शुरू होगी कांग्रेस छोड़ो यात्रा

पणजी-कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पार्टी को मजबूत करने के लिए भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे हैं। इसी बीच, गोवा में कांग्रेस को बड़ा झटका लग गया है। कांग्रेस के आठ विधायक आज भाजपा में शामिल हो गए हैं। कांग्रेस के पूर्व विधायक माइकल लोबो ने कहा कि हम पीएम मोदी और सीएम प्रमोद सावंत के हाथ मजबूत करने के लिए बीजेपी में शामिल हुए हैं। कांग्रेस छोडो, बीजेपी को जोड़ो। वहीं, सीएम प्रमोद सावंत ने कहा कि अब कांग्रेस छोड़ो यात्रा शुरू होगी।गोवा में कांग्रेस के कद्दावर नेता दिगंबर कामत माइकल लोबो समेत



आठ विधायक अपनी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए हैं। भाजपा ज्वाइन करने से पहले बागी विधायकों ने मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत से मुलाकात भी की है। इससे पहले भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सदानंद तनवड़े ने इन आठ विधायकों के भाजपा में शामिल होने का दावा किया था।

### ये 8 विधायक भाजपा में हुए शामिल

पूर्व मुख्यमंत्री दिगंबर कामत, माइकल लोबो, दलीला लोबो, राजेश फलदेसाई, केदार नाइक, संकल्प अमोनकर, एलेक्स सिकेरा और रुडोल्फ फर्नांडिस।

### गोवा में कांग्रेस के 11 विधायक

बता दें कि 40 विधानसभा सीटों वाले गोवा में सत्ताधारी भाजपा के 20 विधायक हैं। वही, कांग्रेस के पास कुल 11 विधायक हैं। 8 विधायकों के कांग्रेस छोड़ने के बाद कांग्रेस के अब राज्य में तीन विधायक रह जाएंगे।

### 2019 में भी कांग्रेस में पड़ी थी फूट

ये पहला मौका नहीं है जब गोवा कांग्रेस में फूट पड़ी है। इससे पहले, जुलाई 2019 में कांग्रेस के 10 विधायक भाजपा में शामिल हो गए थे। पाला बदलने वाले विधायकों में विपक्ष के नेता चंद्रकांत कावलेकर भी शामिल थे। हालांकि, 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में कावलेकर समेत 6 बागी विधायकों को हार का सामना करना पड़ा था।

# जिला पर्यावरणीय समिति एवं जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में जिला पर्यावरणीय समिति एवं जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान पूर्व में सम्पन्न हुई बैठक के निर्णयों की समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने नामामि गंगे योजना के अन्तर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होने सिंचाई विभाग व जल निगम को इस अभियान के तहत जनपद की राप्ती नदी को प्रदुषण मुक्त करने के उपाय तलाशने व उनके अनुपालन के निर्देश दिये। उन्होने प्रदूषण के स्रोत यथा शवदाह गृह, अपशिष्ट पदार्थो आदि नदियों में न प्रवाहित करने के निर्देश दिये। राप्ती नदी के सतही प्रवाह तथा उप सतही जल ( भूजल ) के मध्य समग्र सम्बन्ध स्थापित करने के प्रयास शुरू किये जाएं। सिंचाई विभाग व वन विभाग संयुक्त रूप से आवाह क्षेत्र में लुप्त हो चुकी वनस्पतियों के पुनः सृजन के लिए प्रयास शुरू करें। बैठक में जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि वर्ष 2022-23 में जनपद में जिन विभागों के अधिकारियों द्वारा वृक्षारोपण कराया गया है, सम्बन्धित विभाग शत-प्रतिशत जियो टैगिंग करायें, जो वृक्ष लगाने के बाद सूख गये है, उन खाली स्थानों पर वन विभाग से पौधे लेकर पुनः वृक्षारोपण कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। सूखा को दृष्टिगत रखते हुए सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों का दायित्व बनता है कि जब तक बरसात नही होती है तब तक उन पेड़ो को बचाने हेतु निरन्तर पानी से सिंचाई के साथ साथ देखभाल की भी उचित व्यवस्था की जाय ताकि पेड़ पौधो को बचाये जा सके।बैठक का संचालन प्रभागीय वनाधिकारी ए0पी0 यादव ने किया।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 शारदा प्रसाद तिवारी, परियोजना निदेशक इन्द्रपाल सिंह,डी0सी0एन0आर0एल0एम0, उपनिदेशक कृषि कमल कटियार, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग एस0के0 हरित, अधिशासी अभियंता बाढ़ कार्य खण्ड विनोद कुमार गुप्ता, अधिशासी अभियंता सरयू नहर खण्ड-6 अजय कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सहायक निदेशक मत्स्य सुरेश कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी रोशन लाल पुष्कर, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी कृष्ण स्वरूप मिश्रा, सहायक आयुक्त उद्योग अरविन्द कुमार भास्कर, श्रम प्रर्वतन अधिकारी, जिला समन्वयक राजकुमार त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# बच्चा चोरी की अफवाह को रोकने के लिए चलाया गया जागरूकता अभियान



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- उत्तर प्रदेश में बच्चा चोरी की अफवाह को लेकर श्रावस्ती पुलिस सतर्क हो गई है। प्रदेश के कई इलाकों से भीड़ द्वारा बच्चा चोर के संदिग्धों की मार पीट किए जाने के बाद पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को सजग रहने का संदेश दिया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद श्रावस्ती में पुलिस अधीक्षक द्वारा विशेष अभियान चलाया गया जिसमें लोगों को पी0ए0 सिस्टम/लाउडस्पीकर के माध्यम से अफवाहों से बचने की सलाह जनपद श्रावस्ती की पुलिस के द्वारा इस आयोजन में गांवों/चौराहों/स्कूलों एवं कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाए गए और छात्रों को झूठी अफवाहों पर ध्यान न देने को लेकर जागरूक किया गया। साथ ही साथ लोगो को बताया गया कि सोशल मीडिया सेल द्वारा सोशल मीडिया सेल के विभिन्न प्लेटफार्म्स पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है व इस सम्बन्ध मे झूठी अफवाह/भ्रामक पोस्ट के संदेशो को प्रसारित व फारवर्ड करने वालो के विरुध्द आवश्यक विधिक कार्यवाही की जायेगी। इस क्रम मे प्रभारी निरीक्षक थाना गिलौला योगेन्द्र कुमार राय द्वारा कृष्णलली सरस्वती विद्या मन्दिर व अन्य कॉलेजों में जाकर छात्रों के बीच कार्यक्रम किए और उन्हें अफवाहों से बचने की सलाह दी व यह भी बताया गया कि यदि कहीं पर ऐसी सम्भावना लगती है तो उसी समय संबंधित क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारी/यूपी-112 को सूचना दें ताकि पुलिस के स्तर से पूरी छानबीन/पूछताछ कर स्थिति अनुसार आवश्यक कार्यवाही की जा सकें।

# एक्शनएड द्वारा आयोजित ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक सम्पन्न



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- श्रावस्ती यूनिसेफ के सहयोग से एक्शनएड द्वारा संचालित नई पहल/ बाल संरक्षण परियोजना अंतर्गत जनपद के विकास खण्ड इकौना के खंड विकास अधिकारी कार्यालय में बाल संरक्षण समिति के सभी सदस्यों के साथ बैठक का आयोजन किया गया जिसमे एक्शनएड से तारिक़ अहमद द्वारा सभी का अभिनंदन करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बताया उन्होंने बच्चो की सुरक्षा व शिक्षा को लेकर चर्चा करते हुए कहा कि बच्चो की सुरक्षा व शिक्षा दोनों ही महत्वपूर्ण है अगर बच्च स्कूल में नामांकित है व बच्चा नियमित रूप से जाता है तो बच्च विकास की तरफ बढ़ता है बाल श्रम करने से बच सकता है बाल विवाह से बचाया जा सकता है बच्चो के चार अधिकारों के बारे में बताया कि पहला जीवन जीने का अधिकार , शिक्षा का अधिकार , विकास का अधिकार, सौभाग्यता का अधिकार को लेकर विकृत रूप से जानकारी दी गयी और ऑउट ऑफ स्कूल को चिन्हित कर शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के साथ बाल श्रम , बाल विवाह,बाल तस्करी, जैसे कुरीतियों के रोक थाम हेतु विस्तार से बात की गई साथ ही ब्लॉक स्तर व ग्राम स्तर पर बनी बाल संरक्षण समिति को सक्रिय बनाने के विषय पर चर्चा किया गया व एक्शनएड द्वारा विकास खण्ड में चिन्हित 25 गाँव मे किशोरी समूह के बारे में जानकारी दिया गया वहीं यूनिसेफ के टेक्निकल रिसोर्स पर्सन मनोज जी द्वारा बाल श्रमिक विद्या योजना, व श्रमिक रजिस्ट्रेशन के विषय पर बात किया वहीं ,जिला समन्वयिका गुलिस्ता आरा द्वारा शारदा सर्कुलर व सामाजिक सुरक्षा योजना के विषय पर बात करते हुए चिन्हित बच्चो को लाभान्वित कराने के विषय पर बात किया । कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी पन्ना लाल जी ,बाल विकास परियोजना अधिकारी, श्यामू सिंह जी,जिला समन्वयक विक्रम शीला, प्रतिनिध खण्ड शिक्षा अधिकारी, प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय नत्था पुरवा मिथलेश जी ,टी आर पी मनोज जी,एक्शनएड से गुलिस्ता आर, दिनेश कुमार,भागीरथी, शोयब अंसारी,तारिक़ अहमद,प्रेरक दिनेश कुमार उपस्थित रहे।

# जागो जीपीएम अभियान के तहत धनोली हाईस्कूल पहुंची जीपीएम पुलिस



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही-पुलिस अधीक्षक जीपीएम श्री आई कल्याण एलीसेला के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा, मार्गदर्शन में जागो जीपीएम जागरूकता अभियान जिले में चलाया जा रहा है इसी क्रम में दिनांक 12-9-2022 को जीपीएम पुलिस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनौली पहुंची। स्कूल में छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण को साइबर अपराध महिलाओं एवं बच्चों पर घटित हो रहे अपराध एवं यातायात नियमों के संबंध में जानकारी जीपीएम पुलिस द्वारा पीपीटी ( फोटो वीडियो ) तैयार कर प्रोजेक्टर में दिखाया गया। दो व्यक्ति ही बैठे, वाहन से संबंधित कागजात साथ में रखें ,यातायात नियमों का पालन करना है। निरीक्षक द्विवेदी ने छात्र छात्राओं को साइबर अपराध के बारे में विस्तृत जानकारी दी और कहा की फ्रॉड कॉल के झांसे में नहीं आना है अनजान लिंक में क्लिक नहीं करना। जागो जीपीएम कार्यक्रम में शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय धनौली की प्राचार्या सुश्री शारदा टिकनू व्याख्याता श्री नर्बदा प्रसाद शुक्ल, श्री एसके सोनी, श्री एके सोनवानी, श्री एस के जांगड़े ,श्री ए के सोंड़े ,श्री के गजेंद्र, श्री एम के दुबे ,श्रीमती नीलिमा राठौर ,सहायक शिक्षक श्री जे के केसरवानी एवं श्री शिव सिंह राठौर ग्रेट-2 श्री अशोक भोसले ग्रेड -3 महिला सेल, यातायात, साइबर सेल, रक्षित केंद्र जीपीएम के स्टॉफ उपस्थित रहे।

# मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त एम.आर.निषाद जी का भव्य स्वागत

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गौरेला पेण्ड्रा मरवाही-एक दिवसीय प्रवास गौरेला पेंड्रा मरवाही माननीय छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त एम.आर.निषाद जी का भव्य स्वागत किया गया, प्रवक्ता वीरेंद्र बघेल, सांसद प्रतिनिधि राकेश मसीह, हरीश राय, एसडीएम देव सिंह उईके, नारायण शर्मा, सहित बहुत से लोग उपस्थित रहे।

# राज्यमंत्री खाद्य की अध्यक्षता में सर्किट हाउस सभागार में धान खरीद की तैयारियों के संबंध में बैठक सम्पन्न



मुरादाबाद-मुरादाबाद सर्किट हाउस में राज्यमंत्री खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति, उ0प्र0 शासन श्री सतीश चन्द्र शर्मा जी की अध्यक्षता में धान खरीद की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। राज्यमंत्री को विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान अवगत कराया गया कि सम्भाग में अभी तक 5293 किसानों द्वारा धान खरीद हेतु आनॅलाइन पंजीकरण कराया गया है। सम्भाग में अभी तक कुल 177 धान क्रय केन्द्र अनुमोदित हुए है तथा अन्य क्रय संस्थाओं से प्रस्ताव प्राप्त कर क्रय केन्द्रों की संख्या बढ़ायी जाएगी। 177 धान क्रय केन्द्रों के सापेक्ष 1126 क्रय केन्द्रों की जियो टैगिंग हो चुकी है। खाद्य राज्यमंत्री ने समस्त डीआरएमओ से सिंगल स्टेज कितने ब्लाकों में लागू हुआ की जानकारी प्राप्त की, जिसके जबाव में संबंधित अधिकारी ने बताया कि अमरोहा को छोड़कर सम्भाग के बाकी जनपदों में शतप्रतिशत लागू हो गया है एवं निकट भविष्य में अमरोहा में शत प्रतिशत लागू कर दिया जायेगा। राज्यमंत्री ने समस्त डीएसओ से छोटे वाहनों की आवश्यकता के बारे में जानकारी ली, जिस पर डीएसओ सम्भल ने मंत्री जी को छोटे वाहनों की उपलब्धता पर बल दिया। मंत्री ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि सिंगल स्टेज के लिए राशन डीलर को परिवहन में उपयोग न किया जाये तथा यह निर्देश दिये कि सितम्बर माह तक टेण्डरों की सभी औपचारिकताएं समाप्त हो जानी चाहिए। मंत्री ने समस्त सम्भाग के डीआरएमओ से धान खरीद की स्थिति के बारे में जानकारी ली, जिस पर डीआरएमओ रामपुर ने बताया कि जनपद रामपुर में 98 केन्द्र स्वीकृत किए गये हैं, डीआरएमओ सम्भले ने बताया कि 14 केन्द्र स्वीकृत हुए हैं तथा डीआरएमओ बिजनौर ने मंत्री को अवगत कराया कि जनपद बिजनौर में 23 केन्द्र स्वीकृत हो चुके है। मंत्री ने निर्देश दिये कि आगामी धान खरीद के लिए जो नये केन्द्र खोले जाये वह किसी विशेष जगह पर नही अपितु ऐसी जगह पर खोले जाये जहां पर किसानों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पडे। राज्यमंत्री ने छोटे किसानों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता स्तर पर किये जाने तथा धरातल स्तर के कर्मचारियों को अच्छा कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करने तथा अच्छा कार्य करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत करने के निर्देश दिये। उन्होंने समस्त डीआरएमओ को निर्देश दिये कि ब्लैक लिस्टेड संस्थाओं को किसी भी प्रकार का कार्य न दिया जाये। मंत्री ने सभी डीएसओ से इस वर्ष कितने राशन कार्ड सरेण्डर हुए तथा कितने कार्ड नये बनें तथा कितना स्पेस खाली है की जानकारी प्राप्त की, इस पर संबंधित अधिकारियों ने धरातल स्थिति के डेटा के साथ मंत्री को अवगत कराया, जिस पर मंत्री ने कहा कि राशन कार्ड की उपलब्धता को सरल बनाया जाये एवं जरुरत मंदों को जरुर राशन कार्ड उपलब्ध कराये जाये। राज्यमंत्री ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक कार्य का स्थलीय निरीक्षण अवश्य करें जिससे सरकार की योजनाओं का कार्यान्वयन सही ढ़ंग से हो व प्रत्येक वांछित एवं पात्र व्यक्ति तक लाभ पहुंच सके। उन्होंने कहा कि दोषी व्यक्तियों के खिलाफ तुरन्त कार्यवाही की जाये। उन्होंने खाद्य व रसद विभाग को बधाई देते हुए कहा कि पिछले 5 वर्ष में विभाग ने उल्लेखनीय कार्य किया है तथा विभाग को उन्होंने प्रेरित किया कि विभाग ऐसे ही आपसी तालमेल, सहभागिता व कर्मठता के साथ आगे भी कार्य करता रहें। उन्होंने कहा कि राशन डीलर के साथ किसी भी तरह का शोषण न हों और सभी निरीक्षक अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि वितरण में यूनिट की मात्रा में कोई कमी न हों तथा कोई छेडछाड न हो। उन्होंने सभी अधिकारियों को आईजीआरएस की पेन्डेन्सी को प्राथमिकता स्तर पर निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि खाद्य व रसद विभाग में क्रान्तिकारी परिवर्तन हुए हैं। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी जनप्रतिनिधियों से अवश्य संवाद रखें जिसके तहत हम आपसी तालमेल से ही मा0 प्रधानमंत्री जी के मिशन सबका साथ, सबका विकास व सबका विश्वास को साकार कर सके। इस अवसर पर विधायक नगर श्री रितेश गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्षा डा0 शैफाली सिंह, डिप्टी कमिश्नर खाद्य एवं रसद, समस्त डीएसओ एवं समस्त डीआरएमओ उपस्थित रहें।

# भुगतान न करने पर दो चीनी मिलों के जीएम को किया कमरे में बंद



मुरादाबाद-गन्ना भुगतान ना करना मुरादाबाद जिले की 2 चीनी मिलों को महंगा पड़ गया। बार-बार लिखित नोटिस के बावजूद भुगतान न करने के बाद जिला गन्ना अधिकारी के कार्यालय में बिलारी चीनी मिल और बेलवाड़ा चीनी मिल के जीएम व अकाउंटेंट को बंद कर दिया। जिला गन्ना अधिकारी के कक्ष में बैठा कर दोनों को बाहर से ताला बंद कर दिया गया।

बिलारी चीनी मिल पर 35 करोड़ और बेलवाड़ा चीनी मिल पर 14 करोड़ की बकाया है। किसान लगातार गन्ना भुगतान की मांग कर रहे हैं और आंदोलन कर रहे हैं। इसको लेकर अधिकारियों पर दबाव था आज जब इन दोनों चीनी मिलों के महाप्रबंधक व अकाउंटेंट गन्ना भवन पहुंचे जिला गन्ना अधिकारी डॉ। अजय सिंह ने भुगतान करने को कहा भुगतान न करने पर दोनों जी अकाउंटेंट को गन्ना अधिकारी के कक्ष बैठा कर बाहर से ताला बंद कर दिया। जिला गन्ना अधिकारी ने कहा कि चीनी मिलें लिखित नोटिस के बाद भी नही सुन रहीं। किसान भी परेशान हो रहे। मिलों को पूरा भुगतान करना होगा।

# बिजलीघरों पर आग से बचाव के इंतजामों को दमकल टीमों ने परखा



मुरादाबाद-लखनऊ के होटल में लगी आग की घटना के बाद शासन अधिक सतर्क हो गया है।मॉल,होटल व बैंक्वेट हाल की चेकिंग के बाद दमकल ने मुख्यालय से मिले निर्देश पर शहर व देहात के बिजलीघरों व ट्रांसमिशन परिसर में आग से बचाव के इंतजामों को देखा। वहीं इस दौरान टीम ने बिजली विभाग के स्टाफ को आग बुझाने के तरीके भी बताए। डीजी फायर के निर्देश पर दमकल टीमों ने जिले में ट्रांसमिशन बिजलीघर व डिस्ट्रीब्यूशन बिजलीघरों पर आग से बचाव के लिए किए गए इंतजामों को चेक कराया। टीम ने कई बिजलीघरों पर पहुंचकर वहां की व्यवस्थाएं देखी। सीएफओ मुकेश कुमार के निर्देशन में दमकल अफसरों ने ट्रांसमिशन मझोला 220 और 132के वीआशियाना बिजलीघर संग कई बिजलीघर की व्यवस्थाओं को परखा। दमकल टीम ने मौके पर मिले बिजली कर्मचारियों को आग से निपटने के आरंभिक उपाय भी बताए, इसके साथ ही कई कर्मचारियों से आग बुझाने के उपकरणों को चलवाकर उनको ट्रेनिंग दी गई, वहीं देहात क्षेत्र में बिजलीघरों की व्यवस्थाओं को भी चेक कराया गया।

# जिलाधिकारी ने ग्राम बागडपुर स्थित कस्तूरबा गांधी विद्यालय का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं का लिया जायजा



मुरादाबाद-जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने आज ग्राम बागडपुर स्थित कस्तूरबा गांधी विद्यालय का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा विद्यालय की मैस में पहुंचकर छात्राओं के साथ खाना खाया और खाने की गुणवत्ता के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी विद्यालय के क्लास रुमों का भी गहनता से निरीक्षण किया और शिक्षा ग्रहण कर रही छात्राओं से पहाड़े एवं कहानी सुनीं। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि विद्यालय निरीक्षण की यहीं मंशा है कि जो सरकार द्वारा सुविधाएं छात्र/छात्राओं को दी जा रही है वह उन्हें मिल रही है कि नही। उसका शैक्षिक स्तर ठीक प्रकार का है कि नही। जिलाधिकारी द्वारा बच्चों से वार्ता में यह भी जाना गया कि उन्हें परिवार की फीलींग की कमी तो नही हो रही है। जिलाधिकारी ने बताया कि इस विद्यालय की अभी तक वाउंड्री नही थी विद्यालय की वाउंड्री का भी आज से कार्य शुरु किया जा रहा है। हम लोगों का निरन्तर प्रयास रहेगा तथा इसके लिए ग्राम प्रधान, ब्लाक प्रमुख एवं संबंधित अधिकारी जिन्होंने अच्छा कदम उठाया है वह सब बधाई के पात्र हैं। हमारे सभी बच्चें अच्छे शैक्षिक माहौल में रहेंगे। मानव के जीवन में अपनी भाषा का बहुत महत्व होता है। हम हिन्दी भाषी क्षेत्र से है और हमारे लिए हिन्दी भाषा का महत्व ज्यादा है। अगर शिक्षा अपनी मातृ भाषा मे दी जाये तो हम निश्चित तौर पर ज्यादा से ज्यादा बेहतर कर सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आनन्द वर्धन, परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्र, बेसिक शिक्षा अधिकारी बुद्धप्रिय सिंह, खण्ड विकास अधिकारी प्रज्ञा यादव आदि उपस्थित रहें।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

## संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

**Title Code : UPBIL05086**


इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# E-vehicle security

The tragic death of eight people in a fire that broke out at an electric vehicle showroom in Telangana's Secunderabad late on Monday has brought both the mechanical and administrative negligence of such vehicles into question. The administrative negligence is of criminal nature as according to preliminary details, the e-bike showroom was running on the ground floor of Ruby Pride luxury hotel. Several people were staying in the hotel at the time of the accident. Since this hotel is adjacent to the station, most of the victims of the accident are said to be outsiders. Obviously, compensation has been announced by the central and state governments for the families of the dead and the injured, the rituals of the inquiry have also been completed. But the real question is, how honest will the administrative machinery now be to prevent such accidents? If a lesson had been learned from past incidents, would such showrooms have been allowed under a hotel? And if he was running illegally, who was responsible for taking action against him? The most serious aspect of the Secunderabad accident is related to the safety of e-vehicles. Several incidents of fire in e-vehicles have come to the fore in the last few months. In April, a similar incident took place in Tamil Nadu, in which the entire showroom was burnt to ashes in a fire that broke out while charging the battery of an e-bike. Therefore, the Ministry of Transport should investigate the Secunderabad accident on its behalf. It is a matter of concern in this context that incidents of fire in e-vehicles of reputed companies have come to the fore. Due to the increasing threats to the environment, pollution and rising prices of petrol and diesel, the future of metros and big cities will depend on e-vehicles. It is natural for the general public to increase their inclination towards them, then the government itself is encouraging such vehicles in a big way. Till March 19, more than 10.6 lakh electric vehicles were registered in the country. As such, it is necessary that the doubts regarding error in their mechanics are completely removed."The latest incident in Telangana is a serious warning to the governments of the need to monitor the business activities going on around residential complexes. However, this incident is also a serious example of social apathy. After all, when some illegal work or health-injurious activity starts around us, then how much do we as citizens help the administrative staff? There will hardly be any locality or locality in the present era, where people are completely unaware of the nature and legal status of any business, but the increasing apathy towards civic duties has raised the spirits of profiteering elements in the last few years. They are doing illegal business in a big way in association with the corrupt elements in the system. Any system is not effective only by making laws and regulations, it succeeds only because of the rights conscious citizens. To reach the heights of progress, the country needs electric vehicles as well as a conscious citizen-culture. Only then we will be able to avoid accidents like Secunderabad.

# Bad news for the fans of Yeh Rishta Kya Kehlata Hai, is Harshad Chopra leaving the show for Bigg Boss?



Salman Khan's most awaited show Bigg Boss is back again with a new season. As always, many celebs will come to the show this time too. Harshad Chopra is also one of the names that have come out so far. Although Harshad is currently doing the show Yeh Rishta Kya Kehlata Hai, questions were being raised on his coming to Bigg Boss. Harshad is playing the character of Abhimanyu in the show which is also being well-liked by the audience. So in such a situation, Abhimanyu will do the Big Boss show or not. Well, in the midst of all these questions, a news has come out which will shock the fans. Harshad will leave the show- According to the report of serial gossip, Harshad is leaving the show Yeh Rishta Kya Kehlata Hai for Bigg Boss. It is being said that Abhimanyu is quite bored with his character in this show and now wants to do something new through Bigg Boss. However, till now neither Harshad nor any official statement has come from the makers of the show. What will happen next story- In the upcoming episode of the show, you are going to see that Abhimanyu and Akshara will be reunited once again. Abhinanyu will come to know about Kunal's truth and after that he will come again with Akshara. But now if Harshad leaves the show, the makers will have to find a new face or else the show will end with the union of both. This will be known only in the coming days. Contestants - So far many names have been revealed for this show like Faizal Khan, Munawwar Farooqui, Kanika Mann, Charu Asopa, Rajeev Sen, Nusrat Bharucha, Fahman Khan. However, none of these names have been confirmed by the channel. But a few days ago the promo of the show came out, which shows that this season the show is going to be very fun. Looks. In the promo, Salman says that for 15 years, Bigg Boss has seen everyone's game, but this time Bigg Boss will show his game. It will be morning, but the moon will be visible in the sky. Gravity will fly in the air, the horse will also move straight now, the shadow will also leave with it because it will also play its game. After this, in the end, Salman says that this time Bigg Boss will also be involved in this game.

# Kriti Sanon is preparing for the film



Bollywood actress Kriti Sanon has started acting workshop for her upcoming film. It is being told that the shooting of the film will start in November. Kriti Sanon has started acting workshops under the guidance of well-known director Anurag Kashyap and is also taking dialogue and language coaching. It is a very emotional film. Nikhil Dwivedi, is producing this film. There was buzz that Kriti's film is a remake of Hollywood film, Kill Bill, but director Anurag Kashyap has denied this, stating that it is an original film.

आवश्यकता है उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# सैनिक सम्मेलन/अपराध समीक्षा गोष्ठी का कार्यवृत्त, सराहनीय कार्य करने वाले पुलिसकर्मी किए गए सम्मानित

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-पुलिस लाइन एटा में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद एटा द्वारा की गयी सैनिक सम्मेलन/अपराध समीक्षा गोष्ठी का कार्यवृत्त, सराहनीय कार्य करने वाले पुलिसकर्मी किए गए सम्मानित। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह द्वारा पुलिस लाइन स्थित सम्मेलन कक्ष में अपराध समीक्षा/सैनिक सम्मेलन की बैठक की गयी जिसमें समस्त क्षेत्राधिकारीगण, समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष/थानाप्रभारी / शाखा प्रभारी व अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने वाले पुलिसकर्मियों का विवरण निम्नवत है- श्री अजय कुमार गुप्ता, निरीक्षक टैक्नीकल, कार्यालय, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, एटा। श्री जगदीश प्रसाद अशोक, अतिरिक्त निरीक्षक, अपराध, थाना सकीट, जनपद एटा। उ0नि0 श्री विजय सिंह, प्रभारी चौकी गोदाम, थाना कोतवाली नगर, एटा। उ0नि0 श्री आदित्य कुमार दीक्षित, प्रभारी चौकी सिविल लाईन्स, थाना कोतवाली नगर, एटा। महिला आरक्षी प्रीति चौधरी, थाना मिरहची, एटा। महिला आरक्षी 967 सुमन कुशवाहा, थाना मिरहची, एटा। आरक्षी 202 जितेन्द्र कुमार, थाना अवागढ, एटा। आरक्षी 763 चिन्त ज्वाला, थाना कोतवाली देहात, एटा। मुख्य आरक्षी 349 किशन पाल सिंह, यूपी-112 परियोजना, एटा। आरक्षी पुलिस



1159 धीरज कुमार,. यूपी-112 परियोजना, एटा। मुख्य आरक्षी 449 फौरन सिंह, यूपी-112 परियोजना, एटा। आरक्षी पुलिस 683 मनीष भारती, यूपी-112 परियोजना, एटा। होमगार्ड चालक अजय कुमार, यूपी-112 परियोजना, एटा। होमगार्ड चालक गौरी शंकर, यूपी-112 परियोजना, एटा। होमगार्ड चालक वीकेश कुमार, यूपी-112 परियोजना, एटा महिला आरक्षी 62 बबीता, थाना रिजोर, एटा। महिला आरक्षी 371 अनुपमा, थाना रिजोर, एटा। महिला आरक्षी 387 अर्चना, थाना रिजोर, एटा। महिला आरक्षी नीलम, थाना रिजोर, एटा। महिला आरक्षी रितू थाना रिजोर, एटा। अपराध गोष्ठी में निम्न बिन्दुओं पर दिशानिर्देश दिये गये- 1. पुलिस अधि0/कर्मचारीगण द्वारा पूर्व में उठायी गयी समस्याओं के निस्तारण हेतु समीक्षा कर सम्बंधित को उनके निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। 2. आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए सभी थाना प्रभारी/थानाध्यक्षों को अपने अपने थानों पर शांति समिति की बैठक आयोजित कर जनपद में सामाजिक सांप्रदायिक सौहार्द सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। 3. सभी थाना प्रभारियों को उनके थाना क्षेत्र में चिन्हित किए गए कुख्यात अपराधियों के सत्यापन एवं उनके विरुद्ध की जाने वाली कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। 4. अवैध शराब के निर्माण, अपमिश्रित शराब की बिक्री एवं तस्करी पर शत-प्रतिशत कार्यवाही की जाए। 5. संपत्ति जब्तीकरण हेतु चिन्हत किए गए अपराधियों के संबंध में कई जाने वाली कार्यवाही। 6. गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही हेतु प्रस्तावित गैंगचार्ट के संबंध में समीक्षा। 7. सभी अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी अपने अधीनस्थों को गाईड करें, क्षेत्राधिकारी स्वयं क्षेत्र में निकले ड्यिूटीरत अधीनस्थों को चैक करें, उनकी किसी भी समस्या को संज्ञान लेते हुये उसका तत्काल निराकरण करायें। 8. लम्बित विवेचनाओं के शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण तथा वांछित/वारण्टी अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाये। 9. जनशिकायती प्रार्थना पत्र, आईजीआरएस प्रकरण में प्राप्त प्रकरणों का गुणवत्तापूर्वक निस्तारण समय से सुनिश्चित किया जायें। साथ ही सभी क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने सर्किल के थानों पर प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की गुणवत्ता की रैण्डम चैकिंग की जाये। सभी थानाध्यक्ष पीड़ित/आवेदक से स्वयं वार्ता कर उनकी समस्या के निस्तारण के सम्बन्ध में जानकारी करें। 10. ऑपरेशन पहचान से संबंधित अपराधियों के सत्यापन हेतु संबंधित को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। 11. शासन की मंशानुरूप चलाए जा रहे अभियान मिशन शक्ति और एंटी रोमियो स्क्वाड टीम द्वारा अपने-अपने बीट क्षेत्र तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पहुंच कर महिला/बालिकाओं को उनके अधिकारों तथा हेल्पलाइन नंबरों के संबंध में जागरुक करने हेतु निर्देशित किया गया। 12. सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्र में भीड़भाड़ वाले स्थानों/बाजारों में पैदल गस्त तथा अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। 13 . समस्त थाना प्रभारियों को यातायात जागरूकता अभियान के तहत अपने-अपने थाना क्षेत्रों में आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया। 14. पॉक्सो एक्ट तथा आर्म्स एक्ट के मामलों में उत्कृष्ट विवेचना व प्रभावी पैरवी करते हुए अतिशीघ्र सजा कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। 15. अवैध शराब तथा अवैध व्यापार से अवैध रूप से अर्जित की गई संपत्ति का चिन्हीकरण कराकर गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए अवैध संपत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। 16 . समस्त थाना प्रभारियों को लावारिस माल मुकदमाती वाहनों के शीघ्र निस्तारण/नीलामी हेतु निर्देशित किया गया 17. अपर पुलिस महानिदेशक, आगरा जोन आगरा द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत समस्त थाना प्रभारी/थानाध्यक्षों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। 18. शासन की मंशानुरूप आबकारी अधिनियम/मादक द्रव्यों के सम्बन्ध में दिनांक 24.08.2022 से 06.09.2022 तक चलाये गये अभियान की समीक्षा की गई। दोषी कर्मियों के विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। गोष्ठी के अन्त में सभी राजपत्रित अधिकारियों से अपना पर्यवेक्षण सुदृढ रखते हुये उक्त बिन्दुओं पर अधीनस्थों द्वारा की जा रही कार्यवाही का निरन्तर अनुश्रवण कर वांछित कार्यवाही समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने की अपील की गयी।

## जनपद न्यायधीश श्री विजय शंकर उपाध्याय जी का स्वागत समारोह



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन एटा मे माननीय जनपद न्यायधीश श्री विजय शंकर उपाध्याय जी का स्वागत समारोह सम्पन्न हुआ इस स्वागत समारोह में जनपद के अन्य अधिकारियों ने एवं अध्यक्ष रामनरेश मिश्रा एडवोकेट, सचिव रोहित पुंढीर एडवोकेट एवं अन्य अधिवक्ताओं ने भी सभा को संबोधित किया। स्वागत समारोह का संयुक्त रुप से संचालन प्रभात चौहान एडवोकेट, एवं अमित कुमार जौहरी एडवोकेट ने किया

# जलेसर में सोड़ा फैक्ट्रियों पर हुई छापेमारी, संचालक गेट बंद कर हुए फरार

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-एसडीएम रामनयन के नेतृत्व में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, उद्योग विभाग टीम ने कई सोड़ा कारखानों पर छापेमारी के लिए भाग-दौड़ की सोड़ा फैक्ट्री संचालकों में हड़कंप मच गया और समय रहते कई संचालक ताले ठोंक कर भागने में सफल हुए। आज एसडीएम जलेसर के नेतृत्व में नगर, ग्रामीण क्षेत्र में संचालित हो रही करीब एक दर्जन से अधिक चालू और बन्द पड़ी सोडा फैक्ट्रियों पर छापामार कार्रवाई की कोशिश की गई। छापामार कार्रवाई के दौरान जलेसर कस्वा अन्तर्गत डाक घर के सामने एक सोड़ा फैक्ट्री को पकड़ा जांच टीम को मौके पर हजारों किलो सोड़ा की प्रोसेसिंग होती हुई पायी गई। संचालक द्वारा उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, उद्योग विभाग से संबंधित कागजात होने की दलील दी गयी। उद्योग विभाग से संबंधित कागजात फैक्ट्री संचालक ने दिखाए परन्तु मीडिया के सामने सोड़ा कारखाना टीटीजेड क्षेत्र के अंतर्गत होने की बात आई तो टीम और संचालक दोनों ही तरफ से लीपा-पोती करते हुए अधिकारी चलते बने। बड़ा सवाल ये है कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के द्वारा आगरा से 10400 बर्ग किमी0 क्षेत्र को टीटीजेड क्षेत्र दर्ज किया गया है उसी के अंतर्गत कस्वा जलेसर आता है वावजूद वो कौन है जो विभीषण की भूमिका निभा रहा है जिसने सोड़ा कारखाने चलाने की अनुमति देदी हो या प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम आने से एक घंटा पहले कारखानों में ताले ठुकवाने का काम किया हो।

# अखिल भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले हिंगोट खेरिया आश्रम पर किसान मजदूरों की बैठक संपन्न हुई

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल संघर्षी ने कहा कि शासन प्रशासन के द्वारा किसान मजदूर नौजवानों को एक षड्यंत्र के तहत प्रताड़ित किया जा रहा है भ्रष्टाचार चरम पर है देश की 85 फीसदी आबादी गांव में निवास करती है उसको लूटने के लिए दिन-रात सरकारी मशीनरी लगी रहती है जिसका संगठन पुरजोर विरोध करता है एवं जनपद मैनपुरी के प्रत्येक गांव के नौजवान, मजदूर, किसानों से अपेक्षा करता है कि संगठन की अधिक से अधिक सदस्यता लेकर अपनी लाठी को मजबूत कर भ्रष्टाचार, अन्याय, अत्याचार के विरुद्ध आंदोलन में सहभागी बनकर व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई को मजबूत करें सरकारों की गलत नीतियों के कारण खेती किसानी को करने में लागत निरंतर बढ़ती जा रही है इसलिए कृषि निरंतर घाटे की सौदा बनी हुई है सरकारें लगातार टैक्स के रूप में बढ़ोतरी कर विजली, डीजल, पेट्रोल, रासायनिक उर्वरकों, खाद आदि के दामों में निरन्तर बढ़ोत्तरी कर महंगाई को बढ़ाने पर तुली हुई है जिसकी वजह से गरीब मजदूर किसान की कमर टूट रही है देश में चल रहे षड्यंत्र को तोड़ने के लिए वृहद आंदोलन की आवश्यकता है अतिशीघ्र अखिल भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले संपूर्ण भारतवर्ष में वृहद आंदोलन खड़ा किया जाएगा जिसमें सबकी भागीदारी अति आवश्यक है। राष्ट्रीय महासचिव तेज सिंह वर्मा ने कहा कि देश और प्रदेश की सरकारों के द्वारा लगातार विभिन्न विभागों को बेचकर बेरोजगारों के ऊपर निजीकरण के तहत उद्योगपतियों के यहां नौकरी करने का दबाव बनाया जा रहा है जिसे संगठन किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं करेगा इसलिए देश के नौजवान किसान मजदूर निजीकरण के विरुद्ध संगठन के द्वारा चल रहे संघर्ष में शहबागी वन व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई को विजय की ओर ले जाने का काम करें। समय में बृहद महापंचायतों का आयोजन कर देश की और प्रदेश की सरकारों के आंख - कान खोलने का काम करेंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से-- बच्चू सिंह मण्डल उपाध्यक्ष, बचान सिंह राजपूत जिला उपाध्यक्ष, चंदन सिंह, गुलाब सिंह, कालीचरन आर्य, बृजपाल सिंह सिकरवार, कालीचरन सिकरवार,बाबूलाल प्रधान,रनवीर प्रधान,हरिपाल सिंह, पप्पू प्रधान,पप्पू यादव, ईश्वर दयाल आदि लोग मौजूद रहे।

# आजीविका गतिविधियों से जुड़कर समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने कलेक्टर ने किया प्रेरित

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज जनपद पंचायत गौरेला के ग्राम पंचायत ललाती और सधवानी का दौरा किया। उन्होने ललाती के आश्रित ग्राम गांधीपुर में स्व सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा की और उन्हे आजीविका गतिविधियों से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने प्रेरित किया। कलेक्टर ने ललाती पंचायत की सरपंच श्रीमती अनीता ओट्टी से स्कूल एवं आंगनबाड़ी समय पर खुलने, मैदानी कर्मचारियों की मुख्यालय में नियमित उपस्थिति तथा आंगनबाड़ी में बच्चों, गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं को पौष्टिक आहार वितरण के बारे में जानकारी ली। उन्होने स्वसहायता समूह की महिला राजमति, मंजुलता, चमेली से चर्चा कर उन्हे गौठान क्षेत्रों में आजीविका गतिविधियों के तहत सामूहिक रूप से सब्जी-बाड़ी लगाने, बकरी, मुर्गी, मछली, बतख पालन के साथ ही व्यक्तिगत रूप से किराना, मनिहारी, सिलाई, ढेंकी चावल आदि आजीविका के जरिए आर्थिक रूप सक्षम बनने कहा। उन्होने बच्चों को अनिवार्य रूप से स्कूल-आंगनबाड़ी में भर्ती कराने, बच्चों के पढ़ाई-लिखाई पर विशेष ध्यान देने एवं बच्चों के बीच में पढ़ाई नहीं छोड़ने की समझाईस दी, ताकि बच्चे पढ़-लिख कर रोजगार-स्वरोजगार के योग्य बन सके। कलेक्टर ने शासकीय उचित मूल्य दुकान ललाती का आकस्मिक निरीक्षण कर दुकान में राशन भंडारण, गुणवत्ता एवं वितरण की जानकारी ली।

यह दुकान मां दुर्गा महिला स्व सहायता समूह ललाती द्वारा संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर ने दुकान संचालिका से राशन की उपलब्धता तथा दुकान से सम्बद्ध हितग्राहियों की संख्या की जानकारी ली। उन्होंने राशन लेने पहुंची महिलाओं से चावल, शक्कर, चना, नमक, केरोसिन मिलने, सामग्री की मात्रा, कीमत तथा समय पर राशन मिलने के संबंध में पूछताछ की। कलेक्टर ने ललाती पंचायत के प्राथमिक पाठशाला छिछनाही और सधवानी पंचायत के प्राथमिक पाठशाला कसईबहरा का भी निरीक्षण किया और बच्चों एवं शिक्षकों की उपस्थित पंजी का अवलोकन किया। उन्होने बच्चों से ब्लैकबोर्ड पर जोड़-घटाव का प्रश्न हल करा कर उनके ज्ञानस्तर की जांच की। उन्होने अनुपस्थित रहने वाले बच्चों के पालकों से संपर्क कर बच्चों की नियमित उपस्थिति के लिए शिक्षकों को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार गौरेला श्री अविनाश कुजूर एवं अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा श्री एन सरकार भी उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा 18 सितंबर को

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर-व्यवसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा संचालित शिक्षक पात्रता परीक्षा टेट 2022 का जिले में सफल संचालन हेतु कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला नोडल अधिकारी डॉ. प्रियंका वर्मा संयुक्त कलेक्टर, जिला समन्वयक एचएम दुबे, सहायक समन्वयक चंद्रभूषण मिश्रा द्वारा जिले के समस्त परीक्षा केंद्र अधीक्षक, ऑब्जर्वर एवं उड़नदस्ता टीम के सदस्यों की बैठक ली गई । जिसमें परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी प्रक्रियाओं को विस्तार से समझाया गया। 18 सितंबर 2022 को शिक्षक पात्रता की परीक्षा दो पालियों में संपन्न होगी। प्रथम पाली 9.30 बजे से 12.15 बजे एवं द्वितीय पाली दोपहर 2.00 बजे से शाम 4.15 बजे के बीच संपन्न होंगी। जिले में 21 परीक्षा केंद्र बनाया गया है जिसमें लगभग 6000 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को बैठक व्यवस्था, गोपनीय सामग्री की परिवहन, परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों के प्रवेश संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही ओएमआर शीट एवं टेक्स्ट बुक का वितरण एवं उपस्थिति पत्रक में की जाने वाली प्रविष्टि, परीक्षा समाप्ति उपरांत गोपनीय सामग्री को जमा करने संबंधी आवश्यक जानकारी दी गई। अंत में केंद्र अधीक्षक एवं ऑब्जर्वर के सभी शंकाओं का समाधान किया गया।

# हत्यारे पति को थाना प्रतापपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- ग्राम करसी निवासी जवाहिर आयाम ने थाना प्रतापपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि गांव का रामेश्वर मरावी मंगलवार को दोपहर में अपनी पत्नी कुसियारो बाई को धारदार हथियार बसुला से प्रहार कर हत्या कर दिया है। सूचना पर मर्ग कायमी उपरान्त धारा 302 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू ने आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने एवं घटना स्थल का बारीकी से मुआयना कर साक्ष्य संकलन करने के निर्देश थाना प्रभारी को दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रतापपुर की पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी रामेश्वर मरावी पिता स्व. चरन मरावी उम्र 55 वर्ष निवासी करसी को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि पत्नी के द्वारा खेत में काम करने क्यों नहीं आए कहा गया इसके बाद थक गई हूँ कुछ खिलाओं-पिलाओं, खाने-पिने के बाद मृतिका अपने पति को खेत में काम करने के लिए बोली तो आरोपी आवेश में आकर पत्नी को गाली-गलौज करते हुए डण्डा से मारपीट करते हुए घर अंदर ले गया और धारदार बसुला से प्रहार कर पत्नी की हत्या कर दिया। आरोपी के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त डण्डा व बसुला जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही थाना प्रभारी प्रतापपुर लक्ष्मण सिंह धुर्वे, एसआई नवल किशोर दुबे, प्रधान आरक्षक राजेश यादव, मनोज केरकेट्टा, आरक्षक राजीव लोचन, राजेश पन्ना सक्रिय रहे।

# साप्ताहिक हाट बाजार में आने वाले गांव वालों का हो रहा नि:शुल्क इलाज

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा दूरस्थ और पहुंच विहीन क्षेत्रों के हाट बाजारों में आने वाले ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना का भरपूर लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है। साप्ताहिक हाट बाजार में आने वाले जरूरतमंद लोगों का नि:शुल्क इलाज एवं दवाई का वितरण किया जा रहा है । जिले के 6 विकास खंडों के अंतर्गत लगने वाली साप्ताहिक हाट बाजार में मरीजों का उपचार हाट-बाजारों के क्लिनिक में किया जा रहा है। विगत 13सितंबर को सूरजपुर विकासखंड अंतर्गत लगने वाले हाट बाजार के अजबनगर में 30, कुंदा में 61, दातिमा में 91, महेशपुर में 50, मानी में 61 कुल 293 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनका उपचार एवं दवाई का नि:शुल्क वितरण किया गया। इसी तरह विकासखंड प्रतापपुर के धर्मपुर में 79, लोलकी में 65, कुल 144, भैयाथान के केवरा में 63, सिरसी में 54, कुल 117,रामानुजनगर में 92, ओड़गी ब्लॉक के भंवरखोह में 53, कैलाश नगर में 21, पकनी में 52, थाड़पथेर में 44 कुल 170 एवं प्रेमनगर ब्लॉक के दुर्गापुर में 52 तथा कोटल हाट बाजार में 38 मरीजों का निशुल्क इलाज कर दवाई वितरण किया गया। इस तरह 13 सितंबर को लगाए गए हाट बाजार क्लिनिक योजना से कुल 906 मरीजों को चिकित्सा लाभ प्रदाय किया गया है। शिशुओं का टीकाकरण करने के अलावा स्वास्थ्य संबंधी परामर्श और इलाज कर उन्हें नि:शुल्क दवाइयां दी जाती हैं। मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लिनिक योजना के अंतर्गत जिले के ऐसे ग्राम जहां हाट-बाजार लगते हैं तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों से दूर हैं, वहां स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर लगाकर ग्रामीणों को चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है, जिसका लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है। गौरतलब है कि आदिवासी समुदाय भले ही जंगलों एवं पहाड़ों को आम तौर पर न छोड़े , लेकिन बाजार करने के लिए वो नियमित रूप से गांवों में आते ही हैं। यही वजह रही की मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच ने हाट बाजार क्लिनिक योजना का रूप लिया। अब आदिवासी जनता को अस्पतालों तक पहुंचने की जरूरत नहीं है, बल्कि अस्पताल खुद उनके घरों के पास पहुंचता है। बघेल की महत्वाकांक्षी हाट बाजार क्लिनिक योजना से सुदूर एवं पहुंच विहीन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुँच अब काफी आसान हो गई है। शहरों से लेकर दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के हाट बाज़ारों तक हाट बाजार के माध्यम से नि:शुल्क परामर्श, जांच तथा दवाइयां उपलब्ध हो रही हैं और इससे योजना की लोकप्रियता लगातार बढ़ती जा रही है।

# कार्यो, समस्याओं व राहत संबंधी प्रकरणों का करें समय-सीमा में निराकरण- पुलिस अधीक्षक

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- पुलिस महानिरीक्षक, सरगुजा रेंज सरगुजा श्री अजय यादव के निर्देशानुसार मंगलवार को पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू ने जिला पुलिस कार्यालय में पुलिस राजपत्रित अधिकारी व कार्यालयीन शाखा प्रभारियों की बैठक ली और शाखावार कार्यों की प्रगति से अवगत हुए, शाखा प्रभारियों के द्वारा कार्यो के प्रति अच्छी रूचि पर प्रसन्नता व्यक्त किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अच्छे कार्यो को करते हुए जनता के विश्वास पर खरा उतरे, पुलिस की हर कार्यवाही पारदर्शी व निष्पक्ष रूप से हो इस पर कड़ी निगाह रखें, विश्वसनीय पुलिसिंग के तहत आमजनता के कार्यो, समस्याओं व राहत संबंधी प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करें। अच्छे कार्यो के लिए अधिनस्थों को मोटिवेट कर कार्यो की गतिशीलता बनाए रखे व माननीय न्यायालय से संबंधित कार्यो को पूर्ण जवाबदेही के साथ समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। समय-सीमा में उसकी जांच हो फरियादियों को शिकायत पर की गई